उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7

UJALASPEEDNEWS

24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, रविवार, 11 अक्टूबर 2026 ई-पेपर पेज 1 / 2

देश

चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बाजी मारी।



संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी व्रन्दावन , (राजपथ मथुरा व्युरो) केशव धाम, वृंदावन छात्रावास में बाल प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रावास के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी कल्पना को मेरे सपनों का भारत हरा भरा भारत एवं विकसित भारत को रंगों और शब्दों के माध्यम से कागज पर उतारा। इसके अलावा चंद्रशेखर आजाद, स्वामी विवेकानंद, शिवाजी महाराज के चित्रों ने बच्चों मेंराष्ट्रभक्ति का संचार किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमुख व्यबसायी अखिल अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी हैं। आयोजकों ने विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया। इस अबसर पर श्याम बिहारी मुकेश प्रेस वाले सतीश पंकज सिंघल गौरव विभोर निधि शालिनी वर्तिका गोयल निधि गीता सुरभि आदि मौजूद रहे। संचालन अंजलि शर्मा जी ने किया

एक नज़र में

वृंदावन में पहली बार होगी भव्य डांडिया नाइट, 20 अक्टूबर को रेनुका पंवार देंगी लाइव प्रस्तुति।

अमरनाथ विद्या आश्रम में विद्यार्थियों के लिए ‘लीगल अवेयरनेस’ कार्यक्रम का आयोजन।

बहुजन नायक काशीराम के बताएं रास्ते पर चलकर बहुजन समाज शासक बनेगा।

RPSS के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पत्रकारहित में लिखा नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी को पत्र।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

मनोरंजन

वृंदावन में पहली बार होगी भव्य डांडिया नाइट, 20 अक्टूबर को रेनुका पंवार देंगी लाइव प्रस्तुति।



संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी वृंदावन। धार्मिक नगरी वृंदावन में 20 अक्टूबर 2026 को भव्य “वृंदावन उत्सव 2026 – डांडिया नाइट” का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में लोकप्रिय हरियाणवी गायिका रेनुका पंवार अपनी लाइव प्रस्तुति देंगी। आयोजकों के अनुसार वृंदावन में पहली बार रेनुका पंवार की लाइव डांडिया नाइट आयोजित होने जा रही है।कार्यक्रम का आयोजन A.G. Entertainment की ओर से किया जा रहा है। डांडिया नाइट उत्सव ग्रीन्स गार्डन, कान्हा माखन पब्लिक स्कूल के पास, रुक्मिणी विहार, वृंदावन में शाम 6 बजे से शुरू होगी।कार्यक्रम में डीजे, एंकर, मैजिक शो, फूड, गेम्स और आकर्षक पुरस्कार सहित मनोरंजन की विभिन्न गतिविधियां भी देखने को मिलेंगी। आयोजकों ने दर्शकों के लिए सिल्वर, गोल्ड और कपल कैटेगरी में टिकट उपलब्ध कराए हैं।

खेल

अमरनाथ विद्या आश्रम में विद्यार्थियों के लिए ‘लीगल अवेयरनेस’ कार्यक्रम का आयोजन।



ारनाथ विद्या आश्रम में विद्यार्थियों के लिए ‘लीगल अवेयरनेस’ कार्यक्रम का आयो

संवाददाता खुशांत गुप्ता वरिष्ठ अधिवक्ताओं की टीम ने साइबर अपराध, पॉक्सो एक्टएवं कानूनी अधिकारों के प्रति किया जागरूकमथुरा। जनपद की प्रमुख शिक्षण संस्था अमरनाथ विद्या आश्रम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को भारतीय कानून के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ‘लीगल अवेयरनेस’ (कानूनी जागरूकता) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ‘ल्यूमिरिस लीगल टीम’ के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध, पॉक्सो एक्ट, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट) तथा बच्चों के कानूनी अधिकारों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

देश

बहुजन नायक काशीराम के बताएं रास्ते पर चलकर बहुजन समाज शासक बनेगा।



संवाददाता खुशांत गुप्ता अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन जनपद मथुरा के तत्वाधान में भारत में राजनीतिक क्रांति की अग्रदूत बहुजन नायक मान्यवर काशीराम साहब के 20 वें परीनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया सर्वप्रथम कार्यक्रम में मुख्य रूप से पधारे रमेश सैनी अध्यक्ष महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की और अपने संबोधन में उनके जीवन की प्रमुख प्रेरक घटनाओं को याद कर कहा की मान्यवर काशीराम सहाब ने बिखरे पड़े हजारों जातियां में वंचित समाज को बहुजन समाज बनाकर एक नया स्वरूप प्रदान किया उनके जीवन का एकमात्र लक्ष्य उन्होंने भारत के बहुजन समाज को शासक बनने का रास्ता सुनिश्चित करवाया आज भी उनके बताएं मार्ग प्रासंगिक है ।...

राजनीति

RPSS के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पत्रकारहित में लिखा नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी को पत्र।



संवाददाता खुशांत गुप्ता लोकतांत्रिक भारत में देश की सरकारों द्वारा निरन्तर हो रही प्रेस की अनदेखी और लगातार बढ़ते जोखिमों को लेकर राष्ट्रीय पत्रकार सहायता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी के नाम एक पत्र लिखा, ऑनलाइन भेजे गये पत्र के अनुसार संगठन के चीफ ने लिखा कि देश में आजादी के 79 गुजर चुके हैं, लेकिन इन वर्षों में पत्रकारिता की गरिमा निरंतर गिरती ही जा रही हैं, अच्छे और आर्थिक तंगी से जूझते लघु एवं मझौले समाचार पत्र और पत्रकारों को गलत और धनाढ्य संस्थानों एवं पत्रकारों ने विकसित नहीं...